NEXT™
NEWS EXCELLENT TODAY

E- Paper NEXT 0025

newsexcellenttoday.com | 05 जनवरी 2025, रविवार | पौष, शुक्ल पक्ष षष्ठी - 2081


**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**अनुशासन के अभाव में विकास का मार्ग अवरूद्ध हो जाता है।**

-आचार्य महाश्रमण

**तापमान (डिग्री सेल्सियस)**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्रीडूंगरगढ़ | 23.0 | 8.0 |
| बीकानेर | 22.0 | 6.0 |
| जयपुर | 24.0 | 10.0 |

# लाखों की लागत से बने शौचालय पर ताले, आमजन सुविधाओं से वंचित



NEXT जहां एक ओर स्थानीय निकाय जनता को बेहतर सुविधाएं देने के दावे कर रहे हैं, वहीं श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका की लापरवाही ने इन दावों की पोल खोल रही है। कस्बे के प्रताप बस्ती में 2018 में करीब 8.34 लाख रुपये की लागत से बनाए गए सार्वजनिक शौचालय पर वर्षों से ताला लटका हुआ है।

यह शौचालय रूपा देवी स्कूल के खेल मैदान के सामने स्थित है और आम जनता की सुविधा के लिए बनाया गया था। लेकिन पांच वर्षों से बंद पड़े इस शौचालय का अब तक उपयोग नहीं हो सका है। उपयोग में न आने के कारण यह निर्माण धूल फांक रहा है और आमजन को स्वच्छता सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है।

सवाल उठ रहे हैं

1. शौचालय को चालू क्यों नहीं किया गया?

2. लाखों रुपये की लागत से बनी सुविधा का लाभ जनता को कब मिलेगा?

3. प्रशासन द्वारा ऐसी परियोजनाओं की निगरानी क्यों नहीं की जा रही?




यह मामला केवल एक शौचालय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सवाल उठाता है कि आखिर जनता के पैसों से बनी सुविधाओं का लाभ उन्हें क्यों नहीं मिल रहा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाता है या यह मुद्दा अनदेखा ही रह जाता है।

**आज ही NEXT की साइट का विजिट करें और जुड़ें रहिए NEXT से...**

# श्रीडूंगरगढ़ उप जिला अस्पताल को भामाशाह परिवार ने दिए चिकित्सा उपकरण

NEXT स्थानीय राजकीय उपजिला अस्पताल में भामाशाह देवराज लक्ष्मी नारायण गुरुनानी परिवार द्वारा चिकित्सा सेवाओं के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान दिया गया। परिवार ने नवजात शिशु देखभाल यूनिट (NBSU) के लिए फोटो थेरेपी मशीन और इनवर्टर उपलब्ध करवाए। इसके अलावा महिलाओं के लिए अलग से बनाए गए ओपीडी पर्ची काउंटर पर एक प्रिंटर भी भेंट किया गया।

अस्पताल प्रभारी डॉ. एस. के. बिहानी ने इस अवसर पर भामाशाह परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन उपकरणों से अस्पताल की सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को समय पर सुविधाएं मिलेंगी।



इस मौके पर डॉक्टर गौरव सैनी, डॉक्टर दिनेश, केमिस्ट किशोर मारू, बबलू सिंधी, भागीरथ, मेडिकल स्टाफ रमाकांत शर्मा, एएनएम सुधा और मंजू सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू, माय भारत में पंजीकरण किया

NEXT राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम और द्वितीय के संयुक्त तत्त्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अभिलाषा आल्हा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

**ध्यान सत्र का आयोजन**

कार्यक्रम के पहले सत्र में हार्टफुलनेस सेवा संस्थान बीकानेर के समन्वयक ओमप्रकाश गोम्बर, वंदना और प्रीति ने स्वयंसेवकों को ध्यान का अभ्यास करवाया। गोम्बर ने ध्यान के महत्त्व और मानसिक स्वास्थ्य में इसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

**सफाई और मार्गदर्शन**

स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर स्थित बाबा रामदेव मंदिर की सफाई की। वरिष्ठ संकाय सदस्य और एनएसएस सलाहकार समिति प्रभारी प्रो. मंजू मीणा ने शिविर के अनुशासन और भागीदारी पर जोर देते हुए दिशा-निर्देश दिए।



**युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान**

जिला समन्वयक डॉ. हेमेंद्र अरोड़ा ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी पर विचार साझा किए। उन्होंने एलन मस्क और अन्य उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभा को निखारने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।


**माय भारत पोर्टल पर जानकारी**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी रूबी पाल ने "माय भारत" पोर्टल पर पंजीकरण के महत्त्व पर जोर दिया। इसके बाद डॉ. हिमांशु कांडपाल ने स्वयंसेवकों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने में सहायता की।

शिविर में डॉ. विनोद कुमारी, डॉ. सुनीता गहलोत, डॉ. सीमा व्यास और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राफिक डिजाइन- युवाओं के करियर का भविष्य और बदलते ट्रेंड्स

नारायण सुथार, ग्राफ़िक डिज़ाइनर



NEXT ग्राफिक डिजाइन क्षेत्र में युवाओं के लिए करियर के अवसर और संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आज के दौर में तकनीक और रचनात्मकता के मेल ने इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

**ग्राफिक डिजाइन: भविष्य की मांग और नए ट्रेंड्स** टीवी सीरियल और डिजिटल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग ने ग्राफिक डिजाइन क्षेत्र में नई क्रांति ला दी है। एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, और डिजिटल कंटेंट की मांग ने इसे मनोरंजन और विज्ञापन उद्योग का महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया है। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) ग्राफिक डिजाइन के तरीकों को और सहज और रचनात्मक बनाएगा।

**ग्राफिक डिजाइन में करियर बनाने के अवसर, युवा अपने करियर को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ा सकते हैं:**

**वेब और ऐप डिजाइनिंग:** व्यवसायों की डिजिटल उपस्थिति के लिए कुशल डिजाइनरों की बढ़ती मांग।

**एनिमेशन और VFX:** फिल्मों और टीवी सीरियल में ग्राफिक्स और विशेष प्रभावों का उपयोग।

**ब्रांडिंग और मार्केटिंग:** कंपनियों की ब्रांड पहचान बनाने के लिए रचनात्मक डिजाइनरों की आवश्यकता।यूजर इंटरफेस (UI) और यूजर एक्सपीरियंस (UX) डिज़ाइन: उत्पादों और सेवाओं को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने की प्रक्रिया।

**क्या AI से ग्राफिक डिजाइन की मांग घटेगी?** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ग्राफिक डिजाइनिंग के क्षेत्र को आसान बना सकता है, लेकिन इससे क्रिएटिविटी और ह्यूमन टच की मांग और बढ़ जाएगी। AI टूल्स ग्राफिक डिजाइनरों का काम तेजी से पूरा करने में मदद करेंगे, लेकिन इन टूल्स का सही और प्रभावी उपयोग करने के लिए मानव कौशल आवश्यक रहेगा।

**आने वाला समय और ग्राफिक डिजाइन का भविष्य** विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले वर्षों में ग्राफिक डिजाइन की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। कंपनियां अपने ब्रांड को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने के लिए क्रिएटिव और स्किल्ड डिजाइनरों की तलाश में रहेंगी।

**युवाओं को सलाह**

**ट्रेंड्स पर नज़र रखें:** नए सॉफ़्टवेयर और तकनीकों को सीखते रहें।

**स्किल्स में सुधार करें:** यूजर-सेंट्रिक डिज़ाइन, रंग संयोजन, और लेआउट पर फोकस करें।

**नेटवर्क बनाएं:** अपने काम को पोर्टफोलियो के रूप में प्रस्तुत करें और प्रोफेशनल नेटवर्किंग पर ध्यान दें।

**इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स:** प्रैक्टिकल अनुभव के लिए लाइव प्रोजेक्ट्स में काम करें।ग्राफिक डिजाइनिंग का क्षेत्र युवाओं के लिए संभावनाओं से भरा हुआ है। नए ट्रेंड्स और टेक्नोलॉजी के साथ कदम मिलाकर चलने वाले युवा इस क्षेत्र में अपना एक अलग मुकाम बना सकते हैं।

# साइबर जागरूकता एपिसोड- 06 डेबिट कार्ड फ्रॉड

NEXT देशभर में साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है और साइबर अपराधी का सबसे बड़ा हथियार होता है सामने वाले का लालच और नासमझी। NEXT आमजन को ऐसी साइबर वारदातों से आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर जागरूकता एपिसोड चला रहा है। तो इसी कड़ी में आज हम डेबिट कार्ड फ्रॉड के बारे में जानेंगे।

**डेबिट कार्ड फ्रॉड क्या है?**

साइबर अपराधी डेबिट कार्ड/एटीएम धारक को कॉल करके उनसे उसके पिन पूछता है और फिर उनके एकाउंट में धावा बोल देता है।

**साइबर अपराधी क्या करता है?**

साइबर अपराधी कार्ड होल्डर को बैंकर बनकर किसी ट्रांजिक्शन को लेकर कहता है और फिर बन्द करने की बात कहता है।

अपराधी उसे बातों में लेकर केवाईसी अपडेट का कहता है। और कार्ड से संबंधित सभी जानकारी जैसे कार्ड धारक का पूरा नाम, डेट ऑफ बर्थ, एटीएम कार्ड नम्बर और उसके बाद पिन भी पूछ लेता है। उसके बाद अपराधी उनके एकाउंट को खाली कर देता है।




# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय परीक्षा फॉर्म की तिथि घोषित

NEXT महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय (MGSU) ने दिसंबर 2024 सेमेस्टर और मुख्य परीक्षा 2025 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियां जारी कर दी हैं।

**पाठ्यक्रम शामिल:** बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी., बी.बी.ए., बी.एड., एम.ए., एम.कॉम., एम.एससी., आदि।

**फॉर्म भरने की अंतिम तिथि:** बिना विलंब शुल्क: 8 से 17 जनवरी 2025 ₹100 विलंब शुल्क के साथ: 18 से 24 जनवरी 25

**ऑनलाइन आवेदन:** सभी आवेदन www.univindia.net पर किए जाएंगे।

**निर्देश:** छात्रों को ABC ID (Academic Bank of Credits ID) बनाना अनिवार्य है। इसके लिए www.abc.gov.in पर पंजीकरण करें।

**अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की हेल्पलाइन** 9460713090 और 7230068203 पर सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।